ई-मेल :tolicshimla@gmail.com

भारत सरकार/ Govt. of India

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), शिमला

Town Official Language Implementation Committee(Office-1), Shimla

मुख्य आयकर आयुक्त, रेलवे बोर्ड भवन, माल रोड, शिमला-171003

O/o The Chairman, TOLIC & Chief Commissioner of Income Tax, Railway Board Building, Shimla.

फा.सं. मु.आ.आ. /शिमला/1/नराकास/बैठक/2025-26/ 2032- 2104 दिनांक: 10.12.2025

## बैठक के कार्यवृत्त

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), शिमला की प्रथम छमाही बैठक दिनांक 25.11.2025 को अपराह्न 03:00 बजे प्रधान आयकर आयुक्त (निर्धारण इकाई)-1 एवं उपाध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(कार्यालय-1), शिमला की अध्यक्षता में "द पीटरहॉफ," शिमला के "दरबार हॉल" में आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए निम्नलिखित को प्रेषित किया जाता है।

1. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(कार्यालय-1), शिमला के सभी सदस्य कार्यालय को।
2. संयुक्त निदेशक(कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1, (दि.) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, तृतीय तल, त्रिकूट।।-, भीकाजी कामा प्लेस, आर के पुरम्, नई दिल्ली-110066.

भवदीया,

सुधा सिंह

(सुधा सिंह)

सहायक निदेशक(राजभाषा)

एवं सचिव- नराकास, शिमला।

प्रतिलिपि प्रेषित

1. श्री राजेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ निजी सचिव, कार्यालय मुख्य आयकर आयुक्त, शिमला को सूचनार्थ एवं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

मुख्य आय. आयु. शिमला
वरि. निजी सचिव / निजी सचिव
डायरी सं.................

10 DEC 2025

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), शिमला की दिनांक 25.11.2025 को आयोजित प्रथम छमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(कार्यालय-1), शिमला की वर्ष 2025-26 की प्रथम छमाही बैठक दिनांक 25.11.2025 को अपराह्न 03:00 बजे "द पीटरहॉफ" शिमला के "दरबार हॉल" में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान आयकर आयुक्त(निर्धारण इकाई)-1 एवं उपाध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला श्री चंद्रजीत सिंह जी ने की। बैठक में नराकास, शिमला के सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख, कार्यालय प्रमुखों की अनुपस्थिति की स्थिति में द्वितीय वरिष्ठतम अधिकारी, राजभाषा अधिकारी तथा राजभाषा कार्मिक उपस्थित थे। बैठक में राजभाषा विभाग का प्रतिनिधित्व श्री जे. के. मंडल, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1, नई दिल्ली ने किया।

सर्वप्रथम समिति-सचिव, सुधा सिंह, सहायक निदेशक(राजभाषा), शिमला ने अपने स्वागत भाषण में प्रधान आयकर आयुक्त(निर्धारण इकाई)-1 एवं उपाध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला श्री चंद्रजीत सिंह एवं नराकास, शिमला के 69 सदस्य कार्यालयों से उपस्थित अधिकारियों/ कार्मिकों व राजभाषा विभाग, नई दिल्ली के प्रतिनिधि का स्वागत किया। उपाध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यसूची के अनुसार बैठक प्रारंभ हुई।

❖ **कार्यसूची सं. 1. पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला की पिछली बैठक 28.04.2025 को आयोजित की गई थी। इस बैठक के कार्यवृत्त पर की गई वांछित कारवाई की चर्चा के साथ बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

❖ **कार्यसूची सं. 2. सदस्य कार्यालयों से प्राप्त वार्षिक रिपोर्टों की समीक्षा:**

नराकास, शिमला के 69 सदस्य कार्यालयों से प्राप्त वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्टों की विस्तारपूर्वक समीक्षा के दौरान कई बिंदुओं पर समीक्षा की गई, जैसे कि:- ऐसे कार्यालय जिन्होंने पत्राचार में 100% लक्ष्य हासिल किया है, ऐसे कार्यालय जो थोड़ा-सा प्रयास करके पत्राचार में 100% लक्ष्य हासिल कर सकते हैं, ऐसे कार्यालय जिनका कार्य संतोषजनक नहीं है, ऐसे कार्यालय जिन्होंने हिंदी पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में देकर राजभाषा नियम 5 का उल्लंघन किया है, ऐसे कार्यालय जिन्होंने राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का उल्लंघन किया है तथा ऐसे कार्यालय जिन्होंने दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक एक वर्ष एक भी बैठक नहीं की है। पूरे वर्ष के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित सभी बिंदुओं पर पारदर्शिता के साथ विस्तृत चर्चा हुई।

❖ **कार्यसूची सं. 3. नराकास, शिमला स्तर पर आयोजित किए जाने वाली प्रतियोगिताओं पर चर्चा:**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला के 69 सदस्य कार्यालयों द्वारा वर्ष 2025-26 में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंध में चर्चा हुई। इस वर्ष आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं की सूची इस प्रकार है:- निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता, अनुवाद प्रतियोगिता, चित्र कहानी

लेखन प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, राजभाषा कर्मियों के लिए सेमिनार तथा सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रस्तावित अन्य कोई भी प्रतियोगिता/कार्यक्रम संबंधी सुझाव इत्यादि।

❖ **कार्यसूची सं. 4. नराकास, शिमला की गृह पत्रिका "यात्रा" का 25वां अंक:**

नराकास, शिमला के सदस्य कार्यालयों के साथ समिति सचिव ने गृह पत्रिका "यात्रा" के आगामी 25वें अंक के प्रकाशन के संबंध में भी चर्चा की। पत्रिका हेतु लेख, कविता, कहानी, यात्रा-वृत्तांत अथवा अपने कार्यालय के संबंध में सामग्री प्रदान करने के संबंध में प्रेरणा प्रदान की।

❖ **कार्यसूची सं. 5. राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित कोई भी विषय/सुझाव:**

इस चर्चा के दौरान नराकास, शिमला के जिन सदस्य कार्यालयों द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 का वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध नहीं करवाया गया, उन्हें इस बिंदु का गंभीरता से लेने का आग्रह किया गया। साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 के लंबित वार्षिक अंशदान का भुगतान भी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान संभोटा तिब्बती विद्यालय ने यह बतलाया कि उनका विद्यालय एक तिब्बती एन.जी.ओ. द्वारा नियंत्रित है। शिक्षा व अन्य प्रशासनिक कार्य अंग्रेजी एवं तिब्बती भाषा में किया जाता है। यह विद्यालय वर्तमान में केंद्र सरकार के अधीन नहीं है। अत: उन्होंने नराकास, शिमला से उनकी सदस्य रद्द करने की मांग की। उन्हें यह आश्वासन दिया गया है कि राजभाषा विभाग, नई दिल्ली से इस संबंध में पत्राचार अवश्य ही सुनिश्चित किया जाएगा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जाखू, शिमला से श्री वीर चंद, प्राचार्य जी ने आग्रह किया है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला के सभी 69 सदस्य कार्यालयों का ईमेल पता व दूरभाष नंबर आपस में साझा किया जाए या नराकास, शिमला की गृह पत्रिका "यात्रा" में छपवाया जाए, ताकि तमाम सरकारी कार्यों में एक-दूसरे के संपर्क में रहा जा सके। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया-शिमला से श्री एस.एच. अब्बास मेहंदी, अतिरिक्त निदेशक ने जेम (GeM) पोर्टल के द्विभाषी न होने के संबंध में चर्चा की। राजभाषा विभाग से बतौर प्रतिनिधि श्री जे. के. मंडल, सहायक निदेशक(कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1, नई दिल्ली ने बतलाया कि राजभाषा विभाग इस संबंध में भी कार्यरत है।

❖ **कार्यसूची सं. 6. वर्ष 2024-25 के विजेताओं हेतु प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार:**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला के 69 सदस्य कार्यालयों द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान संयुक्त स्तर पर 03 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जो इस प्रकार है:- निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता व चित्र कहानी लेखन प्रतियोगिता। बैठक में इन उक्त प्रतियोगिताओं के 11 विजेताओं को प्रधान आयकर आयुक्त एवं उपाध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला एवं नराकास, शिमला के सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों द्वारा प्रशस्त पत्र व हिंदी पुस्तकों से पुरस्कृत किया गया।

❖ **राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि का संबोधन:**

राजभाषा विभाग से बतौर प्रतिनिधि श्री जे. के. मंडल, सहायक निदेशक(कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1, नई दिल्ली से नराकास, शिमला की प्रथम छमाही बैठक में उपस्थित थे। महोदय ने राजभाषा कार्यान्वयन के प्रत्येक पहलू पर सदस्य कार्यालयों को जागरूक किया। उन्होंने वार्षिक कार्यक्रम

2025-26 के हर एक बिंदु पर अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु सभी को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने यह भी बतलाया कि आज कल सभी कंप्यूटरों पर हिंदी में कार्य करने के लिए यूनिकोड फोन्ट्स इनबिल्ट होते हैं और इससे राजभाषा हिंदी का काम आसानी से हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि नराकास की बैठकों में कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए, क्योंकि यह उनकी कार्यालयीन और संवैधानिक दायित्वों के अनुपालन का अनिवार्य हिस्सा है।

- **उपाध्यक्षीय संबोधन:**

उपाध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), शिमला की भव्य बैठक में नराकास, शिमला परिवार से उपस्थित सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने बतलाया कि अध्यक्ष महोदया, श्रीमती विदिशा कालरा जी किसी कारणवश बैठक में उपस्थित होने में असमर्थ हैं, जिसके कारण आज की बैठक की अध्यक्षता उनके द्वारा की जा रही है। राजभाषा कार्यान्वयन हेतु इतनी विशाल समिति का होना प्रशंसा के काबिल है। जैसा कि आप सभी को विदित है कि सरकारी कार्यालयों में हिन्दी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है, परंतु फिर भी काफी काम अंग्रेजी में हो रहा है। अगर हम राजभाषा नीति के उदेश्य पर नजर डालें, तो पता चलता है कि सरकारी कामकाज में सामान्यत: हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग होना चाहिए, जो भारतीय संविधान के अनुछेद 351 की मूल भावना के अनुरूप भी है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि जन साधारण की भाषा में सरकारी कामकाज करने से विकास की गति और तेज होगी तथा इससे प्रशासन में पारदर्शिता भी आएगी। फिर भी अगर किसी कार्यालय को राजभाषा कार्यान्वयन में कोई कठिनाई आ रही हो, तो नराकास की बैठक हम सभी को एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जिसके माध्यम से उक्त कठिनाई का समाधान निकाला जा सकता है। अंत में, उन्होंने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला की अध्यक्ष महोदया के संदेश को सभी के समक्ष रखते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार तथा संसदीय राजभाषा समिति दोनों ही राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में कार्य निष्पादन को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। इसलिए हम सभी को प्रत्येक वर्ष के वार्षिक कार्यक्रम के अनुरूप दिए गए सभी कार्यों को सम्पन्न करने तथा लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तत्पर रहना चाहिए।

- **धन्यवाद ज्ञापन:**

उपाध्यक्षीय संबोधन के पश्चात् समिति सचिव, सुधा सिंह, सहायक निदेशक(राजभाषा) ने बैठक की विषद चर्चा का सार प्रस्तुत किया तथा सभी सदस्य कार्यालयों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

**(सुधा सिंह)**
**सहायक निदेशक(राजभाषा)**
**एवं सदस्य सचिव नराकास, शिमला।**